## खबर संक्षेप

### सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम संबंधी बैठक आज

**मण्डला।** 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस को 'युवा दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले के समस्त विद्यालयों, महाविद्यालयों, शिक्षण संस्थाओं, आश्रम शालाओं, पंचायतों में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम एवं स्वामी विवेकानंद जी पर केन्द्रित प्रेरणादायी, शैक्षिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इस आयोजन में स्वयंसेवी संगठनों तथा आम लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विशिष्ट प्रयास किया जाकर इस आयोजन के प्रति जनसामान्य में चेतना जागृत किया जाना है। इस संबंध में 8 जनवरी 2024 को समय-सीमा की बैठक के तत्काल बाद कलेक्टर की अध्यक्षता में सामूहिक सूर्य नमस्कार के आयोजन से संबंधित आवश्यक बैठक आयोजित की गई है।

### पीएम जनमन अभियान के तहत 4 स्थानों पर लगे शिविर

**मण्डला।** प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए सामाजिक, आर्थिक पिछड़ापन दूर करने हेतु विभिन्न गतिविधियां क्रियान्वित की जा रही हैं। इसी क्रम में जिले की प्रत्येक बैगा बस्तियों में शिविरों का आयोजन कर बैगा परिवारों को शासन की योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। 7 जनवरी को मवई के सुरजपुरा, मोहगांव के उमरिया एवं खैरी माल तथा नारायणगंज के कापा ग्राम में विशेष शिविर आयोजित किए गए जिनमें बैगाओं को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, पात्रता पर्ची, मुफ्त राशन, उज्ज्वला योजना, पोषण आहार, मध्यान्ह भोजन, सुकन्या समृद्धि योजना सहित अन्य योजनाओं से आच्छादित करने की कार्यवाही की गई। शिविरों के दौरान सिकलसेल एनीमिया की जांच की गई।

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग पर गंभीर आरोप

# अवैध कार्यों को दिया जा रहा संरक्षण

*** सूचना के अधिकार के तहत नहीं दी जा रही जानकारियाँ।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




जिले में सूचना के अधिकार अधिनियम की खुली धज्जियां उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा उड़ाई जा रही है, सूचना के अधिकार के अंतर्गत विधि सम्मत सभी आवश्यक शुल्क के साथ आवेदन देने एवं स्मरण पत्रों के पश्चात भी संबंधित कार्यालय प्रमुख के द्वारा शासकीय नियम निर्देशों को परे रख अपने फर्जीवाड़ा और भ्रष्टाचार को छिपाने की नियत से मांगे गये प्रमाणित दस्तावेजों को देने में हमेशा परहेज किया जा रहा हैं वहीं अपनी नियुक्ति दिनांक से लेकर पूरी कार्य अवधि मैं किये गये फर्जीवाड़ा और लोकायुक्त, ईओडब्ल्यू, सीबीआई जैसे स्वतंत्र एजेंसियों से निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच होने के डर से यहां पर सूचना के अधिकार अधिनियम की खुली धज्जियां उड़ाकर मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग, मध्यप्रदेश सरकार, केन्द्र सरकार के ऐसे तमाम सख्त नियम निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है बल्कि आवेदन कर्ता को गुमराह कर अपना बचाव करते देखे जा रहे हैं।

ऐसा ही एक मामला उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला मण्डला का सामने आया है। आवेदन कर्ता ने जिला कलेक्टर मण्डला, जिला पुलिस अधीक्षक मण्डला, जिला स्वास्थ्य अधिकारी मण्डला, मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश सरकार भोपाल, राज्य सूचना आयोग भोपाल, संचालक स्वास्थ्य सेवा भोपाल एवं औषधि प्रशासन भोपाल के नामों से प्रेषित आवेदन पत्र में बताया गया है कि जिला उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग मण्डला में पदस्थ लोक सुचना अधिकारी के द्वारा आवेदकों को सुचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत मांगी गई जानकारी भी नहीं दी जाती है, यहां पर अपनी ढपली अपना राग को चरितार्थ करते हुए जनहित से सरोकार रखनी वाली जानकारी नहीं दी जा रही है, आवेदन मैं उल्लेख किया गया है कि मण्डला जिले में बिना फार्मासिस्ट की उपस्थिति में मेडीकल स्टोर/दवाई दुकाने धड़ल्ले से चल रही है वहीं शासन से बगैर पंजीयन किये मेडिकल स्टोर्स चारों तरफ शासकीय नियम निर्देशों को परे रख संचालित हो रहे हैं और संबंधित विभाग आज भी सब कुछ जानने के पश्चात ऐसे गैर कानूनी मेडिकल स्टोर्स एवं बगैर फार्मासिस्ट के चल रही दवाई दुकानों पर कोई भी निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच और कार्यवाही नही कर रहा है। यहां पर ऐसी अनेक दवाई दुकाने है जहां पर बाहरी डाक्टर बुलाकर अपने मेडिकल दवाई दुकान में एक सामानांतर डाक्टरी क्लीनिक खोल कर अपना व्यापार को बढ़ावा दिया जा रहा है, जहां पर मनमर्जी के चलते, महंगी महंगी अंग्रेजी दवाइयां बेची जा रही है जिसकी कोई भी अनुमति मध्यप्रदेश सरकार और संबंधित विभाग से नहीं ली जाती है, जो कि केन्द्र सरकार, मध्यप्रदेश सरकार एवं स्वास्थ्य मंत्रालय के गाइड लाइन के विपरित है। यहां पर नियम कानूनों को धता बता कर अपना आर्थिक ग्राफ बढ़ाने की मंसा लिये गरीबों और आम जन समुदाय का खुला शोषण बदस्तूर जारी है। औषधि प्रशासन मण्डला मैं पदस्थ अधिकारी अपने मन मर्जी और तीन-तीन जिलो मण्डला, डिन्डौरी, जबलपुर का प्रभार होने की वजह से जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पदेन उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग अधिकारी द्वारा एक औषधि निरीक्षक के प्रभार में एक से अधिक जिलों का प्रभारी बनाने का बहाना कर संरक्षण दिया जा रहा है सुचना का अधिकार अधिनियम में प्रथम अपील उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग मण्डला को भेजने पर लोक सुचना अधिकारी द्वारा अपीलों को अपीलीय अधिकारी के साथ सांठगांठ कर रफा-दफा करने के प्रयास किए जा रहे हैं अपीलकर्ता के आवेदनों को कार्यालय के अधिकारी द्वारा दरकिनार कर ऐक्ट कि धज्जियां उड़ाई जा रही है इन अधिकारियों के संरक्षण में एक पं जी कृ त फार्मासिस्ट के पंजीयन प्रमाण पत्र क्रमांक पर एक से अधिक रिटेल मेडिकल स्टोर लायसेंस जारी कर संचालित की जा रही है जिसमें अधिकारी द्वारा गैर फार्मेसी योग्यता धारी अवैध रूप से संचालित किये गये रिटेल मेडिकल स्टोर संचालक को संरक्षण दिया जा रहा है और साथ ही साथ ऐसे लोगों को अवैध रूप से डिप्लोमा इन फार्मेसी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश करने और रिटेल मेडिकल संचालन में संरक्षण दिया जा रहा है आखिर सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत संबंधित विभाग से जनहित से सरोकार रखने वाले तमाम दस्तावेज प्राप्त करने के लिए आवेदन कर्ता ने प्रथम अपील के पश्चात द्वितीय अपील राज्य सूचना आयोग भोपाल में अपील की गई है अगर यहा पर भी मांगी गई जानकारी नहीं मिलती है तो हाईकोर्ट मैं जन हित आचिका दायर की जायेगी। और साथ ही साथ निकट भविष्य पर माननीय सर्वोच्च न्यायलय पर भी याचिका के माध्यम से प्रदेश पर चल रहे स्वास्थ्य के क्षेत्र पर भ्रष्टाचार को उजागर किया जाएगा।


कार्यालय–जागृति युवा संस्थान, मण्डला (म.प्र.)

## जिसके बच्चे मंदिर की सीढ़ी चढ़ जाते हैं उस घर के बुजुर्ग वृद्धाश्रम नहीं जाते-पं. संतोष शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



निवास के श्री दादा दरबार लधाटोला में चल रही श्री शिव पुराण कथा के छठवे दिन की कथा में पं. संतोष शास्त्री पदमी वाले ने कहा कि भगवान शंकर की करूणा और कृपा संपूर्ण विश्व में व्याप्त है। उनकी कृपा दृष्टि से ही यह जगत संचालित है। जब तक शिव की कृपा नहीं होती जीवन में हम एक कदम भी आगे नहीं बढ़ा सकते। संतोष शास्त्री ने कहा कि शिव पुराण में चैबीस हजार श्लोक हैं उनमें से एक श्लोक ही नहीं बल्कि एक शब्द मात्र को भी अपने जीवन में धारण करने से इस मानव देह का के लिए सिद्ध हो जाता है। उन्होंने कहा हमें मनुष्य का शरीर तो मिल गया लेकिन हमने इसके महत्व को नहीं समझा तो सब बेकार है। मानव देह का महत्व भगवान की भक्ति में है। शिवजी अत्यंत दयालु महादेव हैं।

शास्त्री जी ने कहा कि हर श्वास में ओम नमः शिवाय मंत्र का जप कीजिए और जीवन में जो भी समस्याएं हों। उनके समाधान के लिए व्यर्थ मत भटकिए बल्कि श्रद्धा पूर्वक शिवजी को रोज जलार्पण कीजिए। जिस तरह हमारा अटैचमेंट अटैची से नहीं बल्कि उसमें रखी कीमती वस्तुओं से होता है वैसे ही अपनी देह में आत्मा और परमात्मा से अटैचमेंट कीजिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को जल का लोटा पकड़ाइए कोलड्रिंक की बाटल नहीं। जिसके बच्चे मंदिर की सीढ़ी चढ़ जाते हैं उस घर के बुजुर्ग वृद्धाश्रम नहीं जाते। परमात्मा के द्वार पर जाति नहीं बल्कि कर्म देखा जाता है।

### रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मण्डला में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**मण्डला।** रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मण्डला में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम डॉ. यजुवेन्दर प्रजापति तहसीलदार मण्डला के मुख्य आतिथ्य में और प्राचार्य डॉ. विजेन्द चौरसिया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। डॉ. प्रजापति द्वारा बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मतदाता परिचय पत्र बनवाने आवाहन किया। तत्पश्चात उन्होंने विद्यार्थियों को पीएससी परीक्षा में सफल होने के गुर सिखाए। उन्होंने 13 जनवरी और 20 जनवरी को महाविद्यालय में, शिविर आयोजित किये जाने की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में, डा टी पी मिश्रा, डा अनिल गुप्ता,डा एस के श्रीवास्तव, डॉ. पीएल झारिया, डॉ. जुडिका कुजूर, डॉ. सीमा धुर्वे, अनीता झारिया, अरविंद ठाकुर आदि प्राध्यापकों की सक्रिय भूमिका रही।

07 एम.ए.एन.-04

# अंजनिया पुलिस चौकी को बिछिया थाने से संबद्ध करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/अंजनिया



पुलिस चौकी अंजनिया का अनुविभाग नैनपुर से परिवर्तित कर बिछिया तथा थाना बम्हनी से परिवर्तित कर बिछिया करने की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा की गई है। गौरतलब है कि शासन के निर्देशानुसार पुलिस थाने तथा चौकियों की सीमाओं का पुर्ननिर्धारण किया जा रहा है।जिसमें अंजनियां पुलिस चौकी में थाना बिछिया के ग्राम घोंट, रतनपुर, मेढ़ाताल, भवान, बरखेड़ा चौकी हिरदेनगर के ग्राम इमलिया डुंगरिया इमलियामाल हर्राभाट भावाजर लुटिया खर्राझर डुड़का जामुनटोला बघरौड़ी गोपांगी थाना खटिया के ग्राम बटवार को जोड़ा जाना एवं पुलिस चौकी अंजनिया के ग्राम नारा एवं जमुनिया को चौकी हिरदेनगर में जोड़ा जाना प्रस्तावित है।क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि ग्राम अंजनिया में लगभग 45 वर्ष से पुलिस चौकी संचालित है। जिसे पूर्व में थाना बम्हनी अनुविभाग नैनपुर से संबद्ध किया गया था। वर्तमान में भौगोलिक दृष्टिकोण से संपूर्ण अंजनियां पुलिस चौकी क्षेत्र बिछिया विधानसभा का हिस्सा है। जिसका तहसील, जनपद कार्यालय बिछिया में स्थित है तथा विभिन्न शासकीय विभागों के अनुविभागीय कार्यालय बिछिया में ही स्थित हैं परंतु पुलिस विभाग का अनुविभागीय कार्यालय अंजनिया से लगभग 55 किलोमीटर दूर नैनपुर में स्थित है। जिससे आम जनता को अपने पुलिस संबंधी कार्यों के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यदि अंजनिया पुलिस चौकी को थाना बम्हनी से पृथक कर बिछिया में संबंध कर दिया जाता है तो अंजनियां से पुलिस थाना तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कार्यालय की दूरी केवल 20 किलोमीटर रह जाएगी तथा अंजनियां क्षेत्र में होनी वाली घटना-दुर्घटना के बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारी आसानी और शीघ्रता से अंजनियां आ सकेंगे।

नागरिक मंच अंजनिया के सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक मण्डला से मुलाकात कर अंजनियां पुलिस चौकी का थाना बम्हनी अनुविभाग नैनपुर होने से आमजनता को हो रही परेशानियों से अवगत कराया तथा मांग की कि केवल पुलिस संबधी कार्य के लिए अंजनियां क्षेत्र के लोगों को बम्हनी तथा नैनपुर जाना पड़ रहा। राजस्व न्यायालय सहित विभिन्न विभागों से संबंधी कार्यों के लिए बिछिया जाना पड़ता है। इस लिए अंजनिया पुलिस चौकी को बिछिया थाना व अनुविभाग से जोड़ा जाए जिससे आमजनता को असुविधा न हो।

## एकल अभियान की ओरछा राजाराम दरबार की यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

एकल अभियान अंचल मण्डला द्वारा बागेश्वर धाम एवं ओरछा राजाराम दरबार की यात्रा की गई एकल अभियान संगठन हरिकथा की अध्यक्ष अनामिका बैरागी के नेतृत्व में हरिकथा के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने इस भ्रमण में हिस्सा लिया। यात्रा के दौरान बागेश्वर धाम एवं ओरछा राजाराम धाम के अलावा श्री कृष्ण की नगरी मथुरा, वृन्दावन का भी भ्रमण किया गया इसके पश्चात भगवान शिव की नगरी काशी बनारस में भी जाकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर उनका आर्शीवाद प्राप्त किया गया। वृन्दावन धाम में सभी कार्यकर्ताओं के रूकने की व्यवस्था संगठन के माध्यम से की गई थी। काशी प्रवास के दौरान भी संगठन के स्थानीय सदस्यों का काफी सहयोग प्राप्त हुआ काशी नगरी में गंगा स्नान एवं भगवान विश्वनाथ के दर्शन पश्चात हरिकथा सदस्यों की यह यात्रा माँ शारदा के धाम मैहर पहुंची जहां पर सभी सदस्यों ने संघ परिवार के पदाधिकारियों के सहयोग से दर्शन एवं पूजन-अर्चन किया। इस धार्मिक यात्रा में हरिकथा अध्यक्ष के अलावा सचिव उमा यादव, अंचल समिति सचिव प्रदीप सिंह, संघ परिवार के खण्ड कार्यवाह दिनेश सहित हरिकथा कार्यकर्ता एवं आचार्य शामिल रहे जिसमें दशरथ यादव, भैयालाल यादव, उर्मिला सोनवानी आदि शामिल थे।

**आयोजन** | **डीएसएलआर की अपेक्षा मिरर लैस कैमरे से मिल रहा अच्छा आउटपुट।**

# फोटोग्राफर एसोसिएशन द्वारा वर्कशॉप का आयोजन

*** सिनेमलाइन कैमरों का हुआ प्रदर्शन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





मण्डला फोटोग्राफर एसोसिएशन द्वारा विगत दिवस फोटोग्राफी वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बेसिक जानकारी के साथ ही वेडिंग फोटोग्राफी एवं सिनेमेटोग्राफी की जानकारी दी गई। सोनी कंपनी की तरफ से आए सुधाकर सिंह अल्फा स्पेशलिस्ट, सुनील गवई सिनेमा लाइन स्पेशलिस्ट, फरीद अहमद एरिया सेल्स मैनेजर द्वश्च, योगेंद्र सिंह चौहान टेक्निकल एक्सपर्ट ने फोटोग्राफी एवं सिनेमेटोग्राफी के ढेरों टिप्स दिए। इसके साथ ही सोनी कंपनी के सिनेमलाइन कैमरों के फीचर्स के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

मुंबई से आए सुधाकर सिंह ने सोनी अल्फा सीरीज के कैमरों के अलावा अन्य कंपनी के कैमरों के नए फीचर्स के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बहुत सारी उन बेसिक लेकिन महत्वपूर्ण कैमरा सेटिंग के विषय में जानकारी दी जिनके बारे में आमतौर पर फोटोग्राफर या तो जानते नहीं हैं या फिर उन पर ध्यान नहीं देते हैं। उन्होंने लो लाइट फोटोग्राफी के संबंध में जानकारी साझा की। अधिकतर फोटोग्राफर लाइट कम होते ही रिजल्ट अच्छा नहीं दे पाते हैं। यह भी बताया कि फोटोग्राफर डीएसएलआर की अपेक्षा मिररलैस कैमरे से फोटो एवं वीडियो का अच्छा आउटपुट दे रहे हैं।

मण्डला फोटोग्राफर एसोसिएशन द्वारा आयोजित वर्कशॉप में सुनील गवई सिनेमा लाइन स्पेशलिस्ट ने वीडियो कैमरों से अच्छा रिजल्ट कैसे निकाला जाए इस बात पर प्रकाश डाला। उन्होंने सोनी कंपनी के एफ एक्स सीरीज के सिनेमा लाइन कैमरों के फीचर्स प्रेक्टिकल के साथ समझाए।

मण्डला फोटोग्राफर एसोसिएशन द्वारा आयोजित वर्कशॉप में दीपक जाट अध्यक्ष, मंडला फोटोग्राफर एसोसिएशन, कपिल वर्मा (जिलाध्यक्ष, एमपी वर्किंग जनरलिस्ट यूनियन, वीरेंद्र वर्मा वरिष्ठ फोटोग्राफर, ओम नंदा, जय धौलपुरिया, राहुल सिंधिया, अमित कछवाहा, विकास पटेल, श्रीकांत चक्रवर्ती, शिवेंद्र पटेल, ब्रजेश पटेल, नवनीत गुप्ता, सोमनाथ चंदेल, शिवम बरमैया, निशांत पटेल, नयन चौरसिया, हनुमंत साहू, आकाश यादव, गुरुदेव, प्रियांशु डहरिया, अनमोल झारिया, अभय कछवाहा, तनय कछवाहा, सौरभ बैरागी, राज सोनी, ललित पंद्रे, आकाश जैसवाल, मोहित पटेल, देवा वंशकार, रमन कछवाहा मौजूद रहे।

## केबिनेट मंत्री श्रीमति संपतिया उइके के आतिथ्य में घर घर हथकरघा योजना का हुआ शुभारंभ

*** दयोदय गौ सेवा केंद्र में निर्माण हो रहे आकर्षक वस्त्र।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी के प्रेरणा ओर आर्शीवाद से सकल दिगम्बर जैन समाज के द्वारा मण्डला स्थित ग्राम आमानाला में दयोदय गौ सेवा केंद्र में संचालित श्रम हथकरघा के तत्वाधान में प्रदेश सरकार की केबिनेट मंत्री श्रीमति संपतिया उइके के मुख्य आतिथ्य में घर-घर हथकरघा योजना का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर घुघरी के ग्राम खैरी के 2 युवाओं को हथकरघा यूनिट हथकरघा संचालक समिति की उपस्थिति में प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रदेश की केबिनेट मंत्री मण्डला विधायक श्रीमति संपतिया उइके ने कहा कि सकल दिगंबर समाज के द्वारा आमानाला में गौ सेवा का अनुकरणीय कार्य किया जा रहा है जो सर्व समाज के लिए एक प्रेरणा है बीमार, बूढ़ी गाय, विकलांग गाय की समिति के द्वारा उपचार, आहार और निरंतर सेवा का पुण्य कार्य किया जा रहा है। इसमें समाज के अन्य वर्ग के लोगों को भी आगे आकर सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाकवि पूज्य भूरामल सामाजिक सहकार न्यास के द्वारा हथकरघा योजना को प्रोत्साहित किया जा रहा है आमानाला स्थित दयोदय गौ सेवा केंद्र में उच्च स्तर के कपड़ों का निर्माण हाथों के द्वारा किया जा रहा है। समाज के द्वारा प्रारंभ किये गये इस प्रकल्प से अनेक युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल रहा है। श्रीमति उइके ने कहा कि आमानाला स्थित हथकरघा यूनिट से बड़ी मात्रा में महानगरों तक यहां से निर्मित किये गये वस्त्र, महानगरों तक विक्रय के लिए जा रहे हैं यह मण्डला के लिए गौरव का विषय है।

# मौसम से फिर प्रकृति की मार झेलने के लिये मजबूर होंगे किसान?







हरिभूमि न्यूज/खुलरी।

क्षेत्र का किसान जिस प्रकार से बीते हुये कुछ वर्षो से लगातार प्रकृति की मार झेलते हुये रातदिन एक करते हुये मेहनत करने में जुटा हुआ है, मगर इस समय देखा जा रहा है कि जिस तरह आसमान पर छाने वाले बादलों से यह अनुमान लगने से चूक पा रहा है कि शायद प्रकृति की मार इन किसानों का पीछा नही छोडेगी और आसमान की ओर देखकर किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरे स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगी है? क्योंकि इस समय आये जहां आसमान पर अचानक बादल छाये हुये दिखाई देने लगते और जहां तहां बारिश होने की खबर मिलते ही किसानों की रात की नींद गायब होने से नही चूक पाती है। वही दूसरी ओर प्रतिदिन बन बिगड़ रहे मौसम के चलते किसानों के खेतों में तैयार हो रही फसलों में इल्ली का प्रकोप दिखाई देना भी शुरू हो चुका है। क्योंकि हर वर्ष देखा जाता है कि जब सारी परेशानियों को झेलने के बाद कसानों द्वारा अपने खेतों में इस उम्मीद के साथ फसल की बोनी की जाती है कि शायद इस बार उनका भाग्य संभल जावेगा और प्रकृति साथ दे देगी। मगर जब खेतों में फसले तैयार होने लगती है तो प्रकृति का खेल इस प्रकार से देखने मिलता है कि किसानों की रातों की नींद गायब होने से नही बच पाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय भी देखने मिल रही है। क्योंकि इस समय किसानों के खेतों में जहां चना, गेंहू, मसूर सहित अन्य प्रकार की फसले तैयार होते हुये दिखाई पड़ रही है तो अनेक जगहों पर किसानों ने अपने खेतों में राहर फसल लगाई गई थी वह कटने के लिये तैयार होकर खड़ी है। वही दूसरी ओर जिन किसानों के खेतों में गन्ना फसल लगी हुई है उसकी पिराई का कार्य जोरो पर चल रहा है। मगर आये दिन आसमान पर बादल छाने के कारण किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरे पड़ने से नही चूक पा रही है। क्योंकि बादलों का डेरा रहने से जहां फसलों में इल्ली का प्रकोप बढ़ रहा है तो दूसरी ओर ठंड में भी ब्रेक लगने से फसल तैयार होने की गति पर अंकुश लग रहा है। क्योंकि किसानों के खेतों में बोई गये चना, मसूर, गेंहू सहित अन्य फसलों के कारण संपूर्ण प्रकृति हरियाली से सराबोर हो रही है उसे लूटने में देर नही लगेगी। क्योंकि बीते हुये दिन हुई अचानक बारिश ने किसानों की फसलों को काफी हद तक क्षति पहुंचात हुये प्रभावित किया जा चुका है। इस तरह आसमान पर बदली छाने के कारण ठंड में रूकावट का महौल निर्मित हो रहा है उसके कारण किसानों के खेतों में लहलहाती हुई फसलों में इल्ली सहित अन्य प्रकार के रोग लगते हुये देखे जा रहे है और अपनी फसलों की सुरक्षा को लेकर किसान अनेक प्रकार से कीट नाशक दबाईयों का छिड़काव करने के लिये मजबूर हो रहा है इस स्थिति में किसानों को आर्थिक कठिनाईयाँ भी झेलना पड़ रही है। इस प्रकार से प्रकृति की मार झेल रही किसान आसमान पर छाने वाले बादलों को देखकर सुखमन से रोटी तक नही खा पा रहा है। क्योंकि दिसम्बर जनबरी माह चना, मसूर सहित इस सीजन की फसलों के लिये प्रमुख माना जाता है। इन महिनों में पड़ने वाली ठंड के चलते ही फसलों की जिन्दगी निर्धारित होती है। मगर आसमान में छाने वाले बादल जिस तरह ठंड में रूकावट बनने के साथ साथ बारिश की संभावना पैदा कर रहे है वह निश्चित तौर से किसानों के लिये चिंता पैदा करते हुये दिखाई पड़ने लगे है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस समय देखा जा रहा है कि जब किसानों द्वारा अपने खेतों में बोई गई चना, मसूर, गेंहू सहित अन्य फसलों का हाल इस तरह से बना हुआ है कि मौसम के मिजाज के कारण जहां अनेक प्रकार की बीमारियों की चपेट में आ रहे है तो दूसरी ओर उन्हें जंगली जानवर द्वारा तो लगातार क्षति पहुंचाई ही जा रही है जिनकी सुरक्षा में किसान रात दिन अच्छी नींद लेकर सो तक नही पा रहे है तो दूसरी ओर प्रकृति द्वारा की जा रही खिलबाड़ किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीर निकाल रहा है। इस प्रकार से लगातार बन बिगड़ रहे मौसम से फिर क्षेत्र के किसानों को इस बात की चिंता सताने से नही चूक रही है कि कही ऐसा न हो कि उनके खेतों में हरियाली से लहलहाती हुई फसलों पर फिर प्रकृति की मार न पड़ जावे और क्षेत्र का किसान बर्बादी की कगार पर पहुंच जावे? इस संबंध में जब क्षेत्र के किसानों से हमारी हरिभूमि टीम से चर्चा की गई तो क्षेत्र के ग्राम महगंवा चिर्रिया निवासी युवा कृषक शैलेन्द्र कौरव के अनुसार इस वर्ष प्रकृति ने जिस प्रकार से खेल खेला गया है उसके चलते निश्चित किसानों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ा है। क्योंकि जब किसानों द्वारा अपने खेतों में सोयाबीन व धान फसल लगाई गई थी उस समय जब जरूरत थी उस दौरान अच्छी बारिश नही हुई जिससे सोया बीन सहित धान की फसल काफी हद तक प्रभावित हो जाने के बाद किसानों को उम्मीद थी कि इस सीजन में प्रकृति साथ देगी। मगर इस समय जिस प्रकार से प्रतिदिन मौसम बन बिगड़ रहा है उससे लगा रहा है कि आब किसानों को बर्बाद होने से कोई नही बचा पायेगा। इसी प्रकार से ग्राम भौरझिर निवासी कृषक तुलसीराम राठौर का कहना है कि ठंड का मौसम स्वास्थ्य और फसलो के लिए बेहतर माना जाता है। मगर आसमान में लगातार छाने वाले बादलों के कारण इस वर्ष फसलों के लिये काफी दुखदायी साबित हो रहा है। क्योंकि बादलों के रहने से फसलें अनेक प्रकार की बीमारियों की गिरप्त में आते आ रही है और इसी कारण खेतों में तैयार हो रही फसलों में अनेक प्रकार की बीमारियाँ लगने के कारण उनकी सुरक्षा को लेकर किसान लगातार कर्ज उठाते हुये लागत लगा रहा है। वही ग्राम भौरझिर ही निवासी कृषक चौधरी ब्रजेश सिंह कौरव का कहना है कि पिछले रबी, खरीफ फसल सीजन में प्राकृतिक आपदा से क्षेत्र के किसानो की फसलों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा था। मगर जैसे तैसे साधनों की व्यवस्था कर किसानों ने सही समय पर रबी फसलों की बोवनी की थी पर वर्तमान में बादलों के उपद्रव ने क्षेत्र के किसानों को फिर चिंता में डाल दिया गया है। इसी प्रकार से ग्राम बांसखेडा निवासी युवा कृषक महेश पटैल का कहना है कि क्षेत्र का किसान मुश्किलों के प्रहार तो किसी तरह झेल लेता है, मगर मौसम की मार उसके लिए असहनीय होती है। पहले क्षेत्र का किसान प्राकृतिक आपदा से पीड़ति हुआ है, इसके उपरांत क्षेत्र के किसानों ने बड़ी मेहनत से रबी सीजन की फसलो की बोवनी अपने खेतो में की थी, मगर इन दिनों मौसम का किसानों को बिल्कुल साथ न देने से क्षेत्र का किसान उदास होने से इसलिये नही चूक पा रहे है क्योंकि किसानों द्वारा खून पसीना एक करते हुये तैयार की जाने वाली मेहनत पर चंद मिनिटों में पानी फेर देता है।

## खबर संक्षेप

### निशुल्क शिविर में 156 मरीजों का हुआ उपचार

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** श्री सत्य साई भजन मंडली कान्हरगाव के साई युवाओं द्वारा भगवान सत्य साई बाबा के बताये हुए मार्ग मानव सेवा ही माधव सेवा है..को चरितार्थ करते हुये। हर माह के प्रथम रविवार को साई सेवा केन्द्र साई धाम मंदिर (कान्हरगाव) में निःशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन हर माह के पहले रविबार को किया जाताा है। इस तरह हर माह आयोजिन होने वाले इस शिविर का आयोजन बीते हुये रविवार को 53 वें मेडीकल कैम्प का आयोजन किया गया। इस निःशुल्क जांच कैम्प शिविर में 6 शहरों के आलवा 34 गावों के लगभग 156 मरीजों ने पहुंचकर अपना उपचार करवाया गया तो वही साई युवाओं द्वारा निशुल्क दवाईयों का वितरण भी किया गया। वही मेडीकल केंप पालिथिन मुक्त रखते हुये पर्यावरण की रक्षा का संदेश देते हुये शिविर में पहुंचने वाले सभी मरीजों को कागज के पाकिट एंव कपड़े के थेले में दवाईयां वितरित कि गयी। मेडीकल कैम्प में मरीजों का उपचार करने के लिये गाडरवारा शहर से डाक्टर संजय मोदी, डा. अरूण दोहरे, डा. रीना शर्मा, डा.राघबेन्द्र पुरी गोस्वामी, सहयोगी राहुल गोस्वामी, क्रष्णा श्रीवास्तव, बबलू भाई दबाई बाले, शेलेन्द्र परिहार सहित भजन मंडली कान्हरगांव के साई युवाओं ने अपनी सेवायें प्रदान की गई। वही आयोजित किये गये ।

### अलग अलग जगहों से पुलिस ने जप्त की गई अवैध शराब

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** लगातार बढ़ रहे शराब के अवैध कारोबर पर अंकुश लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा लगातार मुहिम चलाई जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिनों नगर सहित क्षेत्र में अलग अलग स्थानो से अवैध शराब जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार नगर के कुचबंदिया मुहल्ला में ग्राम बनवारी निवासी भैयाजी पिता बाबू लाल विश्वकर्मा के पास से 5 लीटर, डोला बाबा में प्रकाश पिता श्याम लाल माग के पास से 5 लीटर, वही अर्जुन पिता राम लाल यादव के पास से 5 लीटर, ग्राम दुधवारा में संतोष पिता गुडडे बंशकार के पास से 15 पाव, ग्राम बोहानी में वही के निवासी प्रकाश पिता मंगल खंगार के पास से 20 पाव तो प्रीतम पिता मुन्ना लाल महोबिया के पास से 20 पाव, ग्राम सहावन में वही के निवासी प्रीतम पिता मोहर अहिरवार के पास से 15 पाव, ग्राम अजंसरा में वही के निवासी एक महिला के पास से 50 पाव, सालीचौका गुड बाजार में अतुल पिता गंगाराम सिलावट के पास से 18 पाव, नगर के रानी लक्ष्मी बाई वार्ड में राजकुमार पिता शारदा प्रसाद बाल्मिक के पास से 5 लीटर, ग्राम तिगवा में वही के निवासी डालचंद पिता बलराम पटैल के पास से 15 पाव, नगर के कुचबंदिया मुहल्ला में एक महिला के पास से 30 लीटर शराब अवैध रूप से जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ धारा 34 आवकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### नल जल योजना के नाम पर खोदी जा रही सड़क

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** नगर में नर्मदा जल कब आ पायेगा और आ पाता है कि नही इस बात की भी कोई गारंटी नही है। मगर इस समय नर्मदा जल लाने के लिये जिस तरह से लाखों रूपया की लागत से बनी हुई सड़को की खुदाई की जा रही है उसके चलते जरूर शहीद नगरी चीचली की सूरत बदहाल होने से नही चूक पा रही है? बताया जाता है कि जल सप्लाई करने के लिये निर्माण करने आई हुई कंपनी द्वारा जिस तरह से मजबूज सड़को के बीचों बीच से खुदाई करते हुये उन्हें तहस नहस कर दिया गया है उसके चलते लोगों के वाहन निकलने की बात तो दूर पैदल निकलना भी मुश्किल हो रहा है। इस तरह शहर के सड़को की खुदाई करते हुये उन्हें बदहाल बनाये जाने के कारण जहां नगर के व्यापारियों का धंधा प्रभावित होने से नही चूक पा रहा है तो दूसरी ओर लोगों को अपने घरों तक वाहन ले जाना भी मुश्किल हो रहा है।

# केन्द्र सरकार की योजना को लेकर चारगाँव में लगाये कैम्प में पहुंची जिले की नव नियुक्त कलेक्टर, विभागीय स्टालों का किया निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज/सिंहपुर छोटा/गाडरवारा।

केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का आम लोगों को पूर्णरूप से लाभ प्रदान करने की सोच के चलते आये दिन कैम्पों का आयोजन किया जाता है। इसी के चलते प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत चीचली जनपद पंचायत के ग्राम चारगाँव खुर्द (गोटीटोरिया) में बीते हे दिवस इस क्षेत्र में निवास करने वाले भारिया जनजाति के लोगों को केंद्र सरकार की विभिन्न योजना का लाभ दिलाने के लिए कैंप आयोजित किया गया। इस कैम्प में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए जिसमे लोगों के आधार कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, वनाधिकार पट्टे, आयुष्मान कार्ड आदि बनाए जाने का कार्य किया गया। वही इस कैम्प में नव नियुक्त जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने इस कैंप में अचानक पहुंचकर स्टॉलों का निरीक्षण किया और विभाग द्वारा प्रदत्त योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेने के साथ कैम्प में बड़ागाँव से पहुँचे लोगों को केसीसी प्रदान किया। बताया जाता है कि मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय भारिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष केबिनेट मंत्री दर्जा दिनेश कुमार अंगारिया ने भी आदिवासी ग्रामीणों को केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया और इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कैम्प में सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, एसडीएम गाडरवारा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बताया जाता है कि इस दौरान जिला कलेक्टर श्रीमती पटले ने यहाँ मौजूद ग्रामीणों से रूबरू संवाद कर बताया कि विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिये अद्योसंरचना विकास एवं सामाजिक, आर्थिक पिछड़ापन को दूर करने हेतु यह योजना 03 वर्ष तक क्रियान्वित की जावेगी। प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान योजना अंतर्गत 09 मंत्रालयों के माध्यम से क्रियान्वित की जाने वाली 11 गतिविधियों में सबको पक्का घर, हर घर नल से जल, गाँव गाँव तक सड़क, हर घर बिजली, शिक्षा के लिये हॉस्टल, कौशल विकास, दूरदराज के गावों तक मोबाइल मेडिकल यूनिट, सबको पोषण, उन्नत आजीविका, दूरदराज के गाँवों तक मोबाइल नेटवर्क के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों को भी सम्मिलित किया गया है। इन योजनाओं से वंचित भारिया परिवारों को लाभांवित किया जाना है उनमें प्रमुख रूप से आधारकार्ड, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, पीएम उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम जनधन योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पेंशन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम सुरक्षित मातृ अभियान, सिकलसेल मिशन, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन प्रोग्राम सम्मिलित है, से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाना है। उन्होंने कैम्प में मौजूद लोगों से चर्चा करते हुये कहा कि आप सभी को इसका लाभ दिलाने के लिए कैम्प में प्रमुख रूप से खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं बैंकिंग सेवाओं स्टाल लगाए गए हैं । इस तरह जनपद पंचायत चीचली के ग्राम चारगांव खुर्द में कैम्प के दौरान लोगों के नवीन आधार कार्ड व संशोधन किये गये, जिसमें 47 लोगों के नवीन आधार कार्ड व 89 लोगों के आधार कार्ड में सुधार किया गया। इसके अलावा 40 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये। पोस्ट ऑफिस में 13 लोगों के जन- धन योजना के तहत खाता खोले गये। वही को-ऑप्रिटव बैंक द्वारा 6 लोगों के केसीसी और प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के तहत 5 महिलाओं को योजनाओं से लाभांवित किया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा 136 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया साथ ही 42 लोगों के जाति प्रमाण पत्र बनाये गये।



# जित्तू भैया की राइस मिल में उदय प्रताप का हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।

निश्चित तौर से गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र के लिये यह एक गौरव की बात है कि उनके द्वारा जिस व्यक्ति को विधायक के रूप में चुनकर भेजा गया था और भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में गाडवारा विधान सभा क्षेत्र की जनता द्वारा चुने गये हीरे की परख करते हुये उसको इस तरह का नेतृत्व सौपा गया है जो सिर्फ गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र के ननिहालों का नही बल्कि संपूर्ण मध्य प्रदेश के बच्चों का भविष्य संभारने का काम करेगा। सही मायने में देखा जावे तो गाडरवारा सही मायने में देखा जावे तो गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र की जनता द्वारा राव उदय प्रताप सिंह के रूप में चुना गया हीरा इस क्षेत्र का नाम संपूर्ण प्रदेश में रोशन करने में पीछे नही है। वही दूसरी ओर इस हीरे के कंधे से कंधा मिलाकर उनके हम सफर बनकर काम करने वाले समाज सेवी जितेन्द्र राय सालीचौका जित्तू भैया द्वारा अब सालीचौका ही नही बल्कि संपूर्ण गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र के विकास को लेकर आये दिन कैबिनेट मंत्री से मुलाकात करते हुये क्षेत्र को विकास की ओर ले जाने का प्रयास करते हुये दिखाई देने से नही चूक रहे है। इसी प्रकार से बीते हुये दिनों जब प्रदेश के शिक्षा व परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह का क्षेत्र में आगमन हुआ तो सालीचौका के पास स्थित तिरूपति राइस मिल कार्यालय पौडार तिरहा पर क्षेत्र के युवा भाजपा व समाज सेवी जितेन्द्र राय जित्तू भैया के साथ मिलकर क्षेत्र के लाल जी प्रसाद कपाडिया, मानक लाल अहिरवार, बंशी लाल अहिरवार, परसराम अहिरवार सहित अन्य लोगों द्वारा कैबिनेट मंत्री का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान जित्तू राय द्वारा सालीचौका क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का परिचय कराते हुये क्षेत्र के विकास को लेकर शिक्षा मंत्री से अनेक मुद्दो पर काफी समय तक चर्चा की गई।



# अशासकीय शालाओ के प्रभारियों की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

स्थानीय बीटीआई स्कूल में बीते हुये दिवस नगर के लगभग सभी अशासकीय विद्यालयों के प्रधान पाठको की बैठक का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि बैठक में प्रमुख रूप से युडाइस पूर्ण करने के साथ साथ कक्षा 5 एवं 8 वी की वार्षिक परीक्षा की तैयारी सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। वही बैठक को संबोधित करते हुए विकास खंड स्त्रोत समन्वयक गिरीश पटैल ने अशासकीय विद्यालयों की लंबित मान्यता, छात्रों की प्रोफाइल तथा कक्षा 5 एवं 8 वी मूल्यांकन तथा यू डाइस के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए गये। बैठक में साईंखेड़ा बीएसी संदीप स्थापक द्वारा बताया गया कि इस वर्ष कक्षा 5 वी व कक्षा 8 वी की परीक्षा 6 मार्च से शुरू होगी। इस दौरान उन्होने इस परीक्षा से संबंधित विस्तृत चर्चा करते हुये यह भी बताया कि सत्र 2022 - 23 की मार्कशीट बीआरसी कार्यालय द्वारा दी जा रही है । बैठक में बीएसी योगेंद्र झारिया एवं पवन राजौरिया ने जल्द से जल्द युडाइस प्रोफाइल पूर्ण करने की बात पर जोर दिया। बैठक में समस्त जनशिक्षक सहित सभी अशासकीय शालाओ के संस्था प्रभारी ने अपनी सहभागिता दी। उक्त समीक्षा बैठक जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र नरसिंहपुर के निर्देशन एवम मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

# ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री से मुलाकात करते हुये सड़क निर्माण के लिये की गई मांग





हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।

क्षेत्र के विधायक व मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट शिक्षा व परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह का बीते हुये रविवार को गाडरवारा से बनखेडी दौरा के मौके पर जब वह बनखेडी जा रहे थें तो नर्मदा शुगर मिल में राजेश महेश्वरी ने मुलाकात करते हुये जहां उनका सम्मान किया गया। वही दूसरी ओर इस दौरान मौके पर मौजूद समीपस्थ ग्राम आंडेगांव के सरपंच श्रीमति सब्जीबाई/गजराज वर्मा सहित अन्य ग्रामीणों द्वारा भी कैबिनेट मंत्री का स्वागत करते हुये मांग पत्र सौपा गया। बताया जाता है कि ग्रामीणों द्वारा सौपे गये इस मांग पत्र में उल्लेखित किया गया है कि सालीचौका तिगड्डा से लेकर पौडार, ग्राम आंडेगांव, डुगारिया, ढिगसरा, अजंदा, खैरी, धनौरा, देतपोन होते हुये सांईखेडा पहुंचने वाला मार्ग पूर्णक्षति ग्रस्त हो चुका है। इस मार्ग से क्षेत्र के किसानों का आना जाना होता है वह दूसरी ओर कृषि कार्य के दौरान जब कृषक गण अपने ट्रेक्टर ट्राली भरकर लाते ले जाते है तो आये दिन वह पलटने के कारण सदा ही दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। यदि इस सड़क का निर्माण हो जाता है तो निश्चित तौर से लगभग 20 गांवों के लोगों के लिये आने जाने में होने वाली परेशानी से निजात मिल जावेगी। इस तरह ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण के लेकर सौपे गये मांग पत्र को लेकर कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा निर्माण के लिये पूरा भरोसा दिया गया है।

खबर संक्षेप

## भव्य राम मंदिर निर्माण का प्राण प्रतिष्ठा समारोह हेतु बैठक संपन्न



**डिंडौरी।** श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी के लिए नगर में आवश्यक बैठक स्थानीय डेमघाट स्थित मां नर्मदा मंदिर में नगर के गणमान्य नागरिकों व विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं युवाओं के बीच बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित होने वाले भव्य श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में नगर में भी बृहद धार्मिक आयोजन एवं सामूहिक रैली हेतु चर्चा की गई कार्यक्रम को दिनांक 16 जनवरी से 22 जनवरी तक सतत करने हेतु विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार 16 जनवरी को सभी मंदिरों में सामूहिक सुंदरकांड, 17 जनवरी को महाआरती, 18 जनवरी को नगर में मंदिरों में भजन सत्संग तथा 20 जनवरी को सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ नगर के सभी क्षेत्रों में करने हेतु प्रस्ताव रखा गया तथा 21 जनवरी को प्रातः प्रभात फेरी, 22 जनवरी को वृहद रैली पुरानी डिंडोरी हनुमान टेकरी से सुबखार नाका तक करने हेतु सभी ने सहमति प्रदान की। कार्यक्रम की और विस्तृत रूपरेखा हेतु सर्वसहमति से मंगलवार दिनांक 9 जनवरी को साइन 5रू00 बजे नगर के समस्त श्रद्धालुओं एवं गणमान्य नागरिकों और युवाओं की पुनः बैठक रखी गई तथा सभी से पहुंचने का आग्रह किया गया है। उक्त बैठक में बबलू पाठक, मुकेश तिवारी, राजेंद्र पाठक, सुरेंद्र दुबे, अवध राज बिलैया, सुनीता सारस नगर परिषद अध्यक्ष, मनीष मंटू नायक, सारिका नायक उपाध्यक्ष नगर परिषद, दीपन खम्परिया, महेश पाराशर, वीरेंद्र वैश्य, मानबहादुर, ध्रुव पटेल, सुदील बरमैया, डॉ प्रदीप द्विवेदी, राजेंद्र बर्मन, राज साहू, मोहन नरवरिया, संदीप कांसकर, नमन छावड़ा, हरिहर पाराशर, राजकुमार बर्मन, पवन शर्मा, नीरज शर्मा, रत्नेश बिलैया, धर्मेन्द्र दीक्षित, महेंद्र दाहिया, आकाश केसवानी, कुशल राज बिलैया, मनीष मिश्रा, तपस्या दुबे एवं नगर के समस्त श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

## गर्मी के आमद से पहले सूखा करोड़ों रुपए का अमृत सरोवर



**डिंडौरी।** आजादी का अमृत महोत्सव की यादगार को लंबे समय तक सहेजने के लिए केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत सरोवर योजना के तहत कराए गए तालाब निर्माण महज दिखावा साबित हो रहे हैं, अमृत सरोवर निर्माण के पीछे केंद्र सरकार की मंशा थी कि अमृत सरोवरों में स्थानीय जन मछली पालन और सिंघाड़ा उत्पादन कर आत्मनिर्भर बनेंगें लेकिन जिम्मेदार तकनीकी अधिकारियों ने मोदी सरकार की मंशा पर पानी फेरते हुए सरकारी धन का जमकर दुरुपयोग किया है। कार्य स्वीकृत किये जाने से पहले तकनीकी अधिकारियों के द्वारा स्थल परीक्षण जलभराव होने की संभावना और जलभराव क्षेत्र का आंकलन करने के बाद तकनीकी स्वीकृति जारी किया जाता है लेकिन डिंडोरी जिले में कथित अधिकारी कार्यस्थल में यह देखते हैं कि यहाँ ढांचा बनाने से कितना कमाई हो सकता है। यदि जीता जागता उदाहरण देखना चाहते हैं तो समनापुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत पड़रिया में करोड़ो रूपये की लागत से कराए गए अमृत सरोवर को देखा जा सकता है, करोड़ो रूपये खर्च के बाद भी गर्मी के आमद से पहले ही अमृत सरोवर सूख कर गड्ढा हो गया है।

**भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा अमृत सरोवर-** मनरेगा मद से 2021-22 में लगभग 97 लाख रुपये की लागत से पड़रिया में अमृत सरोवर का निर्माण कार्य कराया गया है,पहाड़ी क्षेत्र में तालाब बनाये जाने का कारनामा सिर्फ डिंडौरी जिले में ही हो सकता है,जिस जगह पर तालाब बनाया गया है वह पहाड़ी क्षेत्र है जहाँ पानी का ठहराव होना असंभव हैं।

# प्रोजेक्ट संकल्प के तहत शिक्षकों की सुनी समस्याएं, जिला प्रशासन की अनूठी पहल








आज रविवार को अमरपुर में कलेक्टर श्री विकास मिश्रा के निर्देशन में विकासखंड अमरपुर के सी.एम. राइज विद्यालय में शिक्षक समस्या एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विकासखंड के लगभग 470 शिक्षकों ने उपस्थिति दी।

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

जिनमें कुछ शिक्षकों नेअपनी सेवा एवं विभागीय समस्याओं के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया जिस पर कलेक्टर द्वारा वन टू वन चर्चा कर उनकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने शिक्षकों से संवाद करते हुए कहां हमें सभी शालाओं को व्यवस्थित बनाना, शिक्षा के स्तर को उठाना ,तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करना होगा तथा विद्यालय की आधोसंरचना के संबंध में उन्होंने शौचालय को साफ- स्वच्छ शाला परिसर साफ-सुथरा सुसज्जित बनाना यह शिक्षकों की जिम्मेदारी होनी चाहिए, शिक्षकों को विद्यालय के प्रति मेरी शाला मेरी जिम्मेदारी के भाव प्रत्येक शिक्षकों में होना चाहिए। आज के शिविर में शिक्षकों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। सेवानिवृत शिक्षकों ने भी अपनी समस्याओं को कलेक्टर श्री विकास मिश्रा के समक्ष रखा जिसे कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा शीघ्र निराकरण करने की बात कही स्वास्थ्य परीक्षण, समस्या निवारण शिविर पश्चात बी.एल.ओ. की बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए गए। विकासखंड की विभिन्न शालाओं से शिक्षक टी.एल.एम. लेकर उपस्थित हुए जिसका अवलोकन किया गया विकासखंड के अच्छे टी.एल.एम. की सराहना की गई । विकासखंड अमरपुर में शिक्षा के क्षेत्र में नवचारी प्रयोग करने वाले शिक्षको को स्टार ऑफ दा मंथ से कलेक्ट्रेट कार्यालय मे सम्मानित किया जायेगा । जिसमे मधुदीप उपाध्याय,राजेंद्र परस्ते, सुनीता उइके आज के शिविर में जिला शिक्षा अधिकारी श्री आर. एस. सेन्द्राम ,जिला परियोजना समन्वयक श्री राघवेंद्र मिश्रा, नायब तहसीलदार श्री रामप्रसाद मार्को, श्री रामसजीवन वर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत , विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री व्ही. के.चीचाम, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.एस. मरकाम , विकासखंड स्त्रोत समन्वयक श्री सुवेश किशोर दुबे, विकासखंड अकादमिक समन्वयक श्री देवेंद्र दीक्षित, रईस अहमद जैदी, शेख अमजद मंसूरी ,प्रदीप सुरीन प्राचार्य सी.एम. राइज विद्यालय एवं समस्त जनशिक्षा केंद्र के जन शिक्षक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम उपरांत समरसता के तहत स्वल्पाहार के रुप मे खिचड़ी परोसी गई ।

## धनुआसागर एवं घानाघाट में विकसित भारत संकल्प यात्रा संपन्न

**डिंडौरी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा विकासखण्ड डिण्डौरी के ग्राम पंचायत धनुआसागर व घानाघाट मे आयोजित कार्यक्रम मे भाजपा पदाधिकारीगण पहुॅचे जहाॅ सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन व कन्यापूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष श्री अवधराज बिलैया ने अपने उद्बोधन मे कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से आम जनमानस व हितग्राहियों को लाभ मिला है। अच्छा नेतृत्व अगर देश चलाता है तो सबका सम्मान बढ़ जाता है यही मोदी जी के



नेतृत्व मे हुआ है आज 10 वर्षो में भारत दुनिया के अंदर एक ताकत बनकर उभरा है, दुनिया के अंदर जो भारतीय निवासरत है उनका सम्मान बढ़ा है यही एक अच्छे नेतृत्वकर्ता की पहचान है। आज हमारी सरकार की ही पहल है जो आयुष्मान भारत, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, पी.एम. स्वनिधि जैसे अनेकों योजनाओं का लाभ पहुॅचाने के लिए यह विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा चालू की गई है जिसका एक ही उददेश्य है कि उन वंचित लोगों तक पहुंचना जो विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र तो है लेकिन लाभ नही मिला है साथ ही योजनाओं के तहस सरकार की जानकारी व जागरूकता पैदा करना है। यह यात्रा देश के पूरे संसदीय क्षेत्रों मे चल रही है। पहले की कांग्रेस सरकार सिर्फ सत्ता सुख भोगती थी, उन्हे राज्य के विकास से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नही था उनका उद्देश्य खुद का विकास करना था, आपको याद होगा कांग्रेस की सरकार मे रोड़ का पता नही था, लाइट कभी आती नही थी हमेशा अंधेरा बना रहता था, लेकिन जबसे भाजपा की सरकार आयी है आज पूरे प्रदेश मे चमचमाती सड़के एवं चैबिस घंटे बिजली ये सिर्फ भाजपा सरकार मे ही संभव है। आज पूरे प्रदेश को मे हर वर्ग के विकास के लिए हमारी म.प्र. की सरकार कार्य कर रही है, जिसमे वर्तमान मे लाड़ली बहना योजना ये योजना न सिर्फ महिलाओं को सशक्त करेगी बल्कि इस योजना के माध्यम से महिलाऐं आत्मनिर्भर बनेगी जिससे प्रदेश व राष्ट्र सशक्त होगा। उक्त कार्यक्रम मे जिला उपाध्यक्ष महेश सिंह पाराशर, जिला कार्यालय मंत्री पुनीत जैन, मण्डल अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ठाकुर, पि.वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष दशरथ सिंह राठौर, मण्डल महामंत्री भागीरथ उरैती, धनेश धनंजय, तरूण ठाकुर, सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहें।

## श्री अन्न के प्रचार प्रसार में सायकिल से निकले हरियाणा के नीरज प्रजापति

### डिंडोरी में ग्रामीणों से की चर्चा, लहरी बाई से मिले





### सुबह नर्मदा सफाई में पहुंचे, कलेक्टर ने किया विदा

डिंडौरी।

श्री अन्न योजना के तहत मोटे अनाजों को बढ़ावा देने के लिए जागरूक करने निकले हरियाणा के नीरज प्रजापति शुक्रवार को डिंडोरी पहुंचे । ब्रांड एंबेसडर लहरी बाई से मिले रविवार को नर्मदा सफाई अभियान कार्यक्रम में पहुंचे ,अधिकारियों के साथ सफाई की। इसके बाद नीरज प्रजापति को कलेक्टर द्वारा खाद्य सामग्री प्रदान कर सम्मान के साथ विकास मिश्रा व मुख्य न्यायधीश हिदायत उल्ला खान कृषि विज्ञान स्टॉफ खिलाडी , जनसंपर्क अधिकारी एवं आमजनों के द्वारा जोगी टिकारिया तक साथ चलकर विदा किए। नीरज कुमार प्रजापति ने जाते समय कहा कि डिंडौरी जिला प्रशासन बहुत अच्छा सहयोग एवं महिला पुरूष किसानों को निरंतर मिलेट्स खेती के क्षेत्र में बढावा दे रहा है यह बहुत बडी सफलता है ऐसा मैनें देश के अन्य जिलों की तुलना में डिंडौरी जिला सबसे बेहतर है। मुझे आप लोगों के बीच रहकर बहुत अच्छा लग रहा है जैसे मैं अपने परिवार के सदस्यों के साथ हूॅ।

### देश में एक बार फिर से व्यापक स्तर पर मोटे अनाज की खेती हो

नीरज प्रजापति ने बताया कि श्री अन्न योजना के तहत मोटे अनाज के प्रचार प्रसार के लिए 01 दिसंबर को श्री नगर से सायकिल से यात्रा शुरू की है। 4200 किलोमीटर की यात्रा 31 जनवरी 2024 को कन्याकुमारी में समाप्त होगी। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र और जिला प्रशासन के सहयोग से खेतो में जाकर किसानों से चर्चा करते है जो किसान मोटे अनाज का महत्व भूल रहे उन्हें बताते है मिट्टी की गुणवत्ता भी देखते है। किसान केंद्र एवम राज्य शासन द्वारा किसान हितैषी योजनाएं का लाभ ले और मोटे अनाज की खेती एक बार फिर व्यापक तरीके से हो ।

### लहरी बाई से मिले नीरज , मिलेट्स बैंक और खेतों में जाकर देखी फसल

डिंडोरी पहुंचे नीरज प्रजापति बजाग विकासखंड के सिलपिडी गांव में रहने वाली श्री अन्न मिलेट्स की ब्रांड एंबेसडर लहरी बाई से मिले उनके द्वारा चलाया जा रहा मिलेटस बैंक देखा और खेतो में जाकर किसानों से भी चर्चा की। कृषि विज्ञान केंद्र की वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी रेनू पाठक ने बताया कि देश भर में संचालित 731 कृषि विज्ञान केंद्र और जिला प्रशासन द्वारा नीरज प्रजापति का सहयोग किया जा रहा है। नीरज प्रजापति किसानों और लहरी बाई से मिले ।

### नर्मदा नदी पहुंचकर सफाई अभियान में लिया हिस्सा

नीरज प्रजापति सुबह नर्मदा नदी के तट पर पहुंचे वहा जिला प्रशासन द्वारा नर्मदा की सफाई के लिए चलाए जा रहे अभियान में शामिल होकर साफ सफाई की और मैया अभियान की जमकर तारीफ की। नर्मदा सफाई अभियान में मुख्य रूप से न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान,आर पी कच्छवाहा, हरीश दीक्षित,कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर गीता सिंह ,सतेंद्र कुमार,अवधेश पटेल, श्वेता मिश्राम, जनसंपर्क अधिकारी चेतराम अहिरवार,अधिवक्ता सम्यक जैन आयुष विभाग के डॉक्टर संतोष परस्ते देवदूत रक्तदान से भागवत यादव नर्मदा वेलफेयर सोसाइटी से देवेंद्र बर्मन, साधना तकनीकी अधिकारी रेणु पाठक सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान डिंडौरी में वार्षिक खेल प्रतियोगिता हुई संपन्न



डिंडौरी।

कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशन एवं सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग डॉ संतोष शुक्ला के मार्गदर्शन में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय डिंडोरी की वार्षिक शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता रविवार को उत्कृष्ट विद्यालय ग्राउंड में सम्पन्न हुई। वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर किया। सर्वप्रथम बालिका सीनियर वर्ग 100 मीटर दौड़ हुई जिसमें अदिति बनाफर ने प्रथम स्थान, रुक्मिणी सिंह ने द्वितीय स्थान एवं अलमिश खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने मेडल पहनकर सम्मानित किया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से मन मस्तिष्क स्वास्थ्य रहता है प्रतिदिन 1 घंटे खेल में समय देना चाहिए। उन्होंने बच्चों से कहा कि आपकी सफलता तभी है जब आप अपने माता पिता के नाम से नही बल्कि आपके माता पिता आपके नाम से जाने जाय। उन्होंने 12 फैल मुवी का उदाहरण देकर बतलाया कि किस प्रकार मनोज कुमार शर्मा 12 फैल होने के बाद भी अपने लक्ष्य के प्रति एकाग्रचित्त रहे और पुलिस अधिकारी बने। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थियों के उत्साह एवं उमंग को देखकर दर्शकों ने ताली बजाकर उत्साह वर्धन किया। खेल प्रतियोगिता 100 मीटर दौड़ के बालक सीनियर वर्ग से रोहित आर्मो ने प्रथम स्थान, राजवंश उइके ने द्वितीय स्थान एवं कैलाश मलगाम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ बालिका सीनियर वर्ग से पूनम मरावी प्रथम स्थान, अनामिका यादव द्वितीय स्थान व अहिल्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर बालिका जूनियर वर्ग से दीपका आयाम प्रथम स्थान, सुषमा उइके द्वितीय स्थान एवं प्रिया सोनी ने तृतीय स्थान पर रही। लंबी कूद बालक सीनियर वर्ग के विजेता राजवंश उइके रानी दुर्गावति दल के रहे। लंबी कूद सीनियर बालिका वर्ग की विजेता ब्रजेश्वरी मसराम स्वामी विवेकानंद दल की रही। गोला फेंक प्रतियोगिता में बालक सीनियर वर्ग के विजेता रोहित सिंह वीर शिवाजी दल के रहे । गोला फेंक बालिका सीनियर वर्ग की विजेता बृजेश्वरी मसराम विवेकानंद दल रहा। रिले रेस बालक सीनियर वर्ग के विजेता रोहित मार्को एवं साथी वीर शिवाजी दल के बालिका सीनियर वर्ग रिले रेस की विजेता चीनू पाटिल एव साथी दुर्गावती दल विजेता घोषित किया गया। उक्त वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक के बालक एवं बालिकाओ ने सहभागिता की। सभी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को प्राचार्य द्वारा मैडल पहनाकर सम्मानित किया। इस खेल प्रतियोगिता सफल आयोजन के लिए संतोषी यादव ब्लाक समन्वयक डिंडौरी, लक्ष्मी बनावल ब्लाक समन्वयक करंजिया, खेल युवा कल्याण विभाग के साथ- साथ राजूषा हाईस्कूल खेल शिक्षक आरती बेलिया एवं अन्य स्टॉफ खेल प्रेमी मौजूद रहे। प्राचार्य ने समस्त स्टॉफ को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।



## सरस्वती शिशु मंदिर में भव्य मातृ शक्ति सम्मेलन संपन्न

डिंडौर।

भारतीय चिंतन में महिला - शक्ति, विदूषी, लक्ष्मी, दुर्गा, सरस्वती, अन्नपूर्णा है। स्त्री समाज की निर्मात्री है, परिवार का आधार है।आज जीवन के हर क्षेत्र में नारी अपनी प्रभावी भूमिका निभा रही है। प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि समन्वय नारी की अदभुत देन है जिसने समाज को जोड़े रखा है। इन विचारों के साथ साथ भारतीय महिला विमर्श के विभिन्न आयामों पर चिंतन, अवगाहन हेतु एक दिवसीय मातृ शक्ति सम्मेलन का भव्य आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर डिंडोरी में रखा गया। जिसमें जिले के सातों विकास खंड से 700 से अधिक महिलाओं की सहभागिता रही। उक्त कार्यक्रम महिलाओं द्वारा महिलाओं के लिए आयोजित किया गया। अलग अलग सत्र के माध्यम से महिलाओं से जुड़े विषयों पर सभी बहनों ने अपने विचार रखे । कार्यक्रम में रानी दुर्गावती, रानी अवंतीबाई, झलकारी बाई और अनेक वीरांगनाओं के जीवन से जुड़ीं झांकी आकर्षण का केंद्र रही। साथ ही साथ महापुरुषों के जीवन से जुड़ी पुस्तकों का स्टाल सहित अन्य स्टालो का सभी बहनों ने अवलोकन किया। कार्यक्रम में प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि ऊषा गुलवानी दीदी, विशिष्ट अतिथि, मुख्य वक्ता जबलपुर से पधारीं अश्विनी परांजवे दीदी महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री , महिला समन्वय प्रांत टोली की सदस्य उपस्थित रहीं । स्वागत टोली की बहनों द्वारा समाजिक क्षेत्र में विशेष योगदान देने के लिए विजया शर्मा दीदी जी को पुष्प गुच्छ और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया । द्वितीय सत्र में चर्चा में सभी बहनों ने भाग लिया। तृतीय सत्र समापन सत्र में रीवा से आईं प्रज्ञा दीदी प्रदेश कार्य कारिणी सदस्य महिला मोर्चा ने संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में भोजन के पश्चात सभी बहनें अपने अपने गन्तव्य रवाना हुईं ,इस कार्यक्रम के दौरान मंच का बेहतरीन संचालन सीमा (मंजरी) बिलैया ने किया। वही कार्यक्रम को सफल बनाने में सैकड़ो की संख्या में शामिल आई बहनों का आभार व्यक्त तपस्या दुबे ने किया।

## खबर संक्षेप

### नर्मदा घाटों पर पर्याप्त सुविधाओं की मांग

**तेंदूखेड़ा-** आने वाली मकर संक्रांति के अवसर पर पुण्य सलिला मां नर्मदा में स्नान करने का बड़ा ही महत्व है। वहीं श्रद्धालु बड़ी संख्या में नर्मदा घाटों पर पहुंचकर स्नान पुण्यदान पूजन अर्चन किया करते है। लेकिन मध्यप्रदेश की जीवन रेखा कहलाने वाली पुण्य सलिला मां नर्मदा तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हीरापुर ककरा घाट बिलथारी झिरी छत्तरपुर करौंदी घाटों पर पर्याप्त सुविधायें न होने के कारण श्रद्धालुओं को परेशानियां झेलनी पड़ती है। समाचार पत्रों के माध्यम से लगातार जिला प्रशासन तक यह विषय पहुंचाया तो जाता है, लेकिन जिला प्रशासन केवल विकासखंड अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी कर और विकासखंड अधिकारी ग्राम पंचायतों को तुगलगी आदेश जारी कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री समझ लेते है।

# सदन में गरीबों के लिये उठाई आवाज

## जनहित के कार्यों को दी जाती है प्राथमिकता

जिले से लेकर देश भर मे गरीबों की आवाज को बुलंद कर सरकार के सामने रखने से नही चूकते । जनहित के कार्यो को पहली प्राथमिकता देकर उसे सरकार तक पहुचाने का कार्य करने मे ख्याति प्राप्त जिले के बरिष्ठ भाजपा नेता एवं राज्य सभा सांसद का नाम जिले मे सबसे पहले आता है ।

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

ज्ञात हो कि श्री सोनी द्वारा समय समय पर पत्रकारों के लिये भी सदन मे आवज उठाई जाती है । नरसिंहपुर जिले से लेकर देश के सभी कोनो मे गरीबो पर होने वाले अन्याय के खिलाफ सबसे पहले अपनी बात रखने मे श्री सोनी अग्रसर रहते है । जिले के विकास मे श्री सोनी का अमूल्य योगदान है । पार्टी कार्यकर्तो को श्री सोनी द्वारा जनहित के कार्यो मे संलग्न रहने की हमेशा सीख दी जाती है । जिसका परिणाम मे आज भाजपा उनके विचार एवं नीतियो का पालन करते हुये नये आयाम को छू रही है । भाजपा को नये शिखर प्रदान करने वाले उच्च विचारक एवं सदैव जनहित की नीति पर कार्य करने वाले राज्य सभा सांसद कैलाश सोनी द्वारा जिले मे भाजपा को



प्रगति पथ प्रदान किया जा रहा है । पांच बार लगातर भाजपा जिला अध्यक्ष के पद पर रहकर भाजपा की नीति रीति को मन कर्म व वचन बद्धता के साथ कार्य किया ।

### प्रदेश मे बनाई पहचान

ज्ञात हो कि श्री सोनी द्वारा अपने बलबूते पर देश व प्रदेश मे अपनी अलग पहचान बना रखी है । आप जिले के स्वातंत्रता संग्राम सेनानी भी है आप मीसाबंदियो के लिये हर कदम अग्रसर रहते है । वर्ष 1974 में मध्यप्रदेश छात्र युवा संघर्ष वाहिनी के सह संयोजक एवं 5 कालेजो के छात्र संघो के छात्र महासंघ के संरक्षक रहे। वर्ष 1975 आपातकाल के दौरान स्वयं एवं एक भाई जेल में निरूद्ध रहे । जिसमे एक दिन की पेरोल मिली थी । वर्ष 1977 जिला सलाहकार समिति के सदस्य एवं संचालक नागरिक आपूर्ति निगम मध्य प्रदेश के सदस्य बनाये गये। इसी दौरान टिकिट नही मिला एवं भजपा के जिला महामंत्री बनाये गए । वर्ष 1980 जिला नरसिंहपुर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष का पद निर्वहन किया । वर्ष 1982-83 भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये गये एवं बाद में उपाध्यक्ष बनाये गये । इसी दौरान प्रदेश भाजपा के प्रदेश मंत्री बनाये गये । उस समय श्री पटवा अध्यक्ष थे।

### राष्ट्रीय लोकतंत्र सेनानी संघ के है अध्यक्ष

राष्ट्रीय परिषद् के दो बार सदस्य बनाये गये। वर्ष 1980, 1984,1993 विधानसभा का चुनाव लड़ा गया उस समय पार्टी की स्थिति देश में एवं प्रदेश में अच्छी नही थी परंतु फिर भी अल्पमतो से पराजय हुई । अजय मुशरान, ठाकुर शशिभूषण सिंह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्यामसुंदर नारायण मुशरान के खिलाफ पार्टी की ओर से चुनाव लड़कर कड़ी चुनौती दी । वर्ष 2006 से 2013 तक वर्ष 2006 से अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक नरसिंहपुर उपाध्यक्ष अपेक्स बैंक मप्र भोपाल। पांचवी बार भारतीय जनता पार्टी नरसिंहपुर के जिलाध्यक्ष का कार्य निर्वहनका कार्य निर्वहन किया ।



### निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** रविवार को विशाल निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार और सामाजिक न्याय संगठन द्वारा दादा वीरेन्द्रपुरी जी नेत्र संस्थान देवजी नेत्रालय जबलपुर के सहयोग से किया गया । शिविर मे निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 210 मरीजों की आंखों की जांच की गई जिसमें 40 मरीजों को मोतियाबिन्द ऑपरेशन हेतु चिन्हित किया गया। 15 मरीजों को तत्काल ऑपरेशन हेतु दादा वीरेन्द्रपुरी जी नेत्र संस्थान देवजी नेत्रालय जोतपुर जबलपुर ले जाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता इंजीनियर सुनील कोठारी , जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कंछेदी पटेल व देवजी नेत्रालय से पधारे डॉक्टर आलोक मिश्रा एवं अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार और सामाजिक न्याय संगठन के जिला अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव सहित संगठन के गोविंद प्रसाद नेमा, रोहित पांडे, पंडित आदित्य पांडे, इंजीनियर अभिनंदन डेहरिया (ताऊ) नरेन्द्र बैरागी, प्रिया सोनी, शैलजा, रानू मेहरा, अंकित राठौर मौजूद रहे।

### रेलवे कर्मियों की भूख हड़ताल आज से

**नरसिंहपुर ।** एनएफआईआर एवं वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के आवाहन पर नरसिंहपुर प्लेट फार्म क्रमांक 1 पर दिनांक 8 जनवरी से 11 जनवरी 2024 तक राष्ट्रव्यापी भूख हड़ताल का आयोजन किया जा रहा है जिसका मुख्य मुद्दा रहेगा एन पी एस रद्द करो ओ पी एस को बहाल करो संघ के जिला सचिव सुनील जाट ने बताया की केंद्र सरकार के अड़यिल रवैया के विरोध मैं हम भूख हड़ताल पर जा रहे है एवं सरकार से ओल्ड पेंशन स्कीम चालू करवाकर ही रहेंगे हम गांधीवादी विचारधारा के लोग है ।







